# बिहार सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लखीसराय

पत्रांकः— 878 लखीसराय/ दिनांकः— 29/7/21

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल लखीसराय।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना।

विषयः— पुलों के पहुँच पथ के संबंध में।

प्रसंगः— विभागीय VC दिनांक 27.07.2021 को सचिव महोदय द्वारा दिए गए निदेशानुसार प्रमाण पत्र देने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत पिपरिया प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत करारी पिपरिया से डीह पिपरिया पथ के उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य कराया गया है। किन्तु उस उच्चस्तरीय पुल में पहुँच पथ के आरेखन में रैयती जमीन के कारण सम्पर्कता बाधित है। उल्लेखनीय है कि पुल के आरेखन से महज 15 मीटर की दूरी पर भूस्वामी द्वारा पक्का मकान बना दिया गया है, जिसके फलस्वरूप एकमात्र विकल्प के रूप में रैयतों से सतत् लीज/ अधिग्रहण प्रक्रिया के पश्चात् ही उच्चस्तरीय पहुँच पथ तीखा मोड़ के साथ प्रावधान करते हुए सम्पर्कता प्रदान की जा सकती है। वर्त्तमान में विभाग द्वारा आरेखन के रैयती भाग को सतत् लीज पर लेने हेतु कार्रवाई की जा रही है।

भवदीय सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

विश्वासभाजन

29.7.2021

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल लखीसराय

29-7-21